सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 13 | इंदौर, बुधवार 24 जुलाई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Nepal: काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर क्रैश हुआ विमान, 19 लोग थे सवार

2. यूपी में दर्दनाक हादसा: संतकबीरनगर में दो सगी बहनों समेत पांच लड़कियों की डूबने से मौत, एक की हालत गंभीर

3. Budget 2024 : आज संसद परिसर में बजट के खिलाफ विपक्ष का प्रदर्शन; राज्यों की अनदेखी का आरोप

## बजट पे बात

एमआरपी वित्तीय सलाहकार*

एनडीए सरकार की संयुक्त विचार विमर्श के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अध्यक्षता में 23 जुलाई 2024 को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी द्वारा प्रेस उनका लगातार सातवां आम बजट वित्त वर्ष 2024 25 विकसित भारत की ओर तेजी से बढ़ने वाला ग्रोथ ओरिएंटेड सुपर इकोनामी विकासशील बजट है नए सभी सुधार निश्चित तौर पर अर्थव्यवस्था को गति देंगे निम्नलिखित सुधार व सुझाव उल्लेखनीय है.

1. राष्ट्रपति के अनुसार यह बजट मोदी जी के तीसरे कार्यकाल का प्रभावी नीतियों का दस्तावेज है.
2. विकसित भारत का बजट सुधार पूर्ण सकारात्मक बजट 2025 है
3. कृषि कार्य कुशलता स्किल डेवलपमेंट सोलर एनर्जी स्पेस डेवलपमेंट एवं आयकर अपील जीएसटी रिफॉर्म अच्छे प्रावधान है.
4. वेतन भोगी पर काम कर अच्छी पहल है स्वर्ण व प्लैटिनम ज्वेलरी पर काम टैक्स का महिलाओं ने स्वागत किया है अति सुंदर बजट है.
5. डिजिटल रेलवे पर्यटन को बढ़ावा ग्रामीण विकास यह अच्छी बातें हैं.
6. कौशल विकास पर जोर एमएसएमई को ज्यादा फंड रोजगार बढ़ेगा.
7. सभी मित्र राष्ट्रों के साथ द्विपक्षीय करार भारत में मेड इन इंडिया का लाभ बढ़ाएगा अनुशासित इंप्लीमेंटेशन विश्व में प्रतिष्ठा बढ़ाएगी.
8. पेरिस में होने वाले ओलंपिक में शानदार भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन भारत की जीत एवं भारत को बढ़ावा देगा.
9. आजादी की प्लेटिनम जुबली का उत्साह बढ़ाने वाला है.
10. केंद्र सरकार की स्पष्ट नीति का ब्लूप्रिंट प्रशंसनीय है.
11. राजकोषीय घाटे पर कंट्रोल रखते हुए सभी क्षेत्रों में निवेश बढ़ाया है.
12. कर सुधार के प्रावधान जनता का विश्वास बढ़ाएंगे.

# नागर के तेवर नरम सांसद पत्नी ने साधी चुप्पी

### बीजेपी विधायक विश्नोई बोले- दलबदलू नेताओं का मंत्री बनना उनका सौभाग्य, हमारा दुर्भाग्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। वन एवं पर्यावरण विभाग छिनने से नाराज होकर इस्तीफा देने पर अड़े मंत्री नागर सिंह चौहान के तेवर मंगलवार देर रात नरम पड़ गए। सीएम डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ओर संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने नागर से बंद कमरे में चर्चा की।**

नागर सोमवार रात पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से मिलकर अपनी बात रखने दिल्ली गए थे। नागर मंगलवार को दिनभर दिल्ली में रहे। वे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करना चाहते थे, लेकिन ये मुलाकात नहीं हो सकी। उनकी सिर्फ केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, वीडी शर्मा और हितानंद शर्मा से बात हुई। इसके बाद तीनों भोपाल लौट आए। यहां रात में ही सीधे सीएम हाउस पहुंचे।

सीएम हाउस में देर रात करीब 12 बजे तक चली बैठक चली। नागर को बेहतर भविष्य का आश्वासन दिया गया है। उन्हें समझाया गया कि वे मध्यप्रदेश के इकलौते ऐसे मंत्री हैं, जिसकी पत्नी सांसद हैं। हालांकि, पूरे प्रकरण पर उनकी पत्नी सांसद अनीता सिंह चौहान ने चुप्पी साध रखी है।



### अपनी ही पार्टी में ठगा महसूस कर रहे: विश्नोई

भाजपा के सीनियर लीडर और पूर्व मंत्री अजय विश्नोई ने जबलपुर में कहा, 'नागर सिंह चौहान ने सोच-समझकर कदम उठाया होगा। मंत्री बनना दलबदलू नेताओं का सौभाग्य और हमारा दुर्भाग्य है। हम अपनी ही पार्टी में ठगा महसूस कर रहे हैं।' नागर की नाराजगी वाले घटनाक्रम के बीच ऐसी अटकलें रहीं कि उनकी पत्नी व रतलाम सांसद अनिता नागर सिंह चौहान केंद्रीय बजट के दौरान सदन में अनुपस्थित रहीं। हालांकि, वीडी शर्मा ने स्पष्ट कर दिया कि वे सदन में मौजूद थीं। मध्यप्रदेश के दूसरे सांसद जरूर अनिता नागर सिंह चौहान की अनुपस्थिति की बात कह रहे थे।

### क्यों वापस लिया विभाग, इसका जवाब सीएम के पास

जबलपुर में मंगलवार को पाटन से भाजपा विधायक और पूर्व मंत्री अजय विश्नोई ने मीडिया से कहा, 'नागर सिंह चौहान का विभाग उनसे क्यों वापस लिया गया, इसका जवाब मुख्यमंत्री और मंत्री जी के पास होगा। इसमें तीसरे व्यक्ति की टिप्पणी करना सही नहीं होता। ये उनका सौभाग्य है कि कांग्रेस से भाजपा जॉइन की और मंत्री बने। वहीं, हमारा दुर्भाग्य है कि हमारी ही पार्टी में सीनियर नेताओं को कोई सुनने वाला नहीं है। किसी की नाराजगी को लेकर मेरा जवाब देना सही नहीं है। ये मामला मुख्यमंत्री और मंत्री के बीच का है, उन्हें ही तय करने दीजिए। जब कभी मुझे लगता है कि ये सच है, तो मैं अपनी बात जनता और संगठन के सामने रख देता हूं।'

### सीएम की तोमर, विजयवर्गीय से बंद कमरे में चर्चा

मंगलवार दोपहर को सीएम डॉ. मोहन यादव की विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर और संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय के साथ विधानसभा में करीब आधे घंटे तक बंद कमरे में चर्चा हुई। इस बैठक को भी नागर सिंह चौहान की नाराजगी से जोड़कर देखा जा रहा है।

### नागर के पास अब अनुसूचित जाति कल्याण विभाग बचा

आलीराजपुर से विधायक नागर सिंह चौहान के पास अब सिर्फ अनुसूचित जाति कल्याण विभाग ही बचा है। मंत्री पद की शपथ के बाद हुए बंटवारे में उन्हें वन, पर्यावरण और अनुसूचित जाति कल्याण विभाग दिए गए थे। दो विभाग वन एवं पर्यावरण उनसे लेकर रामनिवास रावत को दिए गए हैं। इससे वे नाराज चल रहे हैं।

### वीडियो में कहा था- मैं आलीराजपुर विधायक

दिल्ली में नागर सिंह चौहान ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी किया। इसमें उन्होंने कहा, 'मैं नागर सिंह चौहान, विधायक आलीराजपुर। आज भारत माता के वीर सपूत चंद्रशेखर आजाद की जन्म जयंती है। मैं पहली बार उनकी धरती को नमन करने नहीं आ पा रहा हूं। इसका खेद है।' चौहान ने आगे कहा, 'युवाओं से अपील है कि हम सभी अमर शहीद आजाद से प्रेरणा लेकर भारत मां की सेवा में जीवन अर्पित करें।' वीडियो के आखिर में उन्होंने दोहराया, 'नागर सिंह चौहान, विधायक आलीराजपुर।'

### रावत का पहला आदेश नागर की पत्नी के क्षेत्र का

मंत्री रामनिवास रावत ने मंगलवार को वन एवं पर्यावरण विभाग का काम संभाल लिया। उन्होंने पहला आदेश भी निकाला, जो नागर सिंह चौहान की सांसद पत्नी अनीता सिंह चौहान के संसदीय क्षेत्र से जुड़ा है। इसमें खरमौर अभयारण्य क्षेत्र से जुड़ी 300 हेक्टेयर जमीन को डी-नोटिफाई किया गया है।

# सदा सकारात्मक सोच रखें, नए भारत के निर्माण में जुट जाएं : पटेल

## आजाद-तिलक अलंकरण से 7 विभूतियां सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। नेताजी सुभाष मंच व गीता रामेश्वरम् ट्रस्ट एवं अ.भा. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के तत्वावधान में मंगलवार को भारत के अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की 118वीं जयंती एवं स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है का उद्घोष करने वाले स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बालगंगाधर तिलक की 168वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर शहर की 7 विभुतियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपना जीवन समाजसेवा में लगा दिया।**

आयोजन के मुख्य अतिथि संतश्री पवनदास महाराज एवं अध्यक्षता वरिष्ठ अभिभाषक अनिल त्रिवेदी ने की। आयोजन के विशेष अतिथि कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल, कांग्रेस नेता रघु परमार, इंटक के अध्यक्ष श्याम सुन्दर यादव, शिवाजी मोहिते, शहीद परिवार से अजीत कुमार जैन थे।

अनिल त्रिवेदी ने कहा कि आजादी के लिए स्वाधीनता सेनानियो ने जितना किया, उस योगदान को नमन। आज जरूरत इस बात की है कि अब हम सभी देश सेवा के लिए प्रण प्राण से जुट जाएं। हम एक दूसरे से मिले जुलें और सुख, दु:ख साझा करें। जब संवाद कायम होगा तो बहुत सी समस्याओं का हल निकलकर आएगा।

हम मोबाइल के मोहपाश में बंध गए हैं और एक दूसरे से संवाद कायम रखने में कोई भी रुचि नहीं दिखा रहा है। अब हम सब साथ-साथ होते हुए भी अकेले होते जा रहे हैं और यदि आप रोज एक घंटा अंजान लोगों से मिलने, बात करने में खर्च करेंगे तो इससे देश और समाज फिर से बोलने लग जाएगा। मोबाइल की गुलामी छोड़नी पड़ेगी, तभी बात बनेगी। श्री सत्यनारायण पटेल ने कहा कि यह सम्मान समारोह इस बात का साक्षी है कि हम सदा सकारात्मक सोच रखें और नेगेटिव बातें दिमाग से निकाल दें और नए भारत के निर्माण में जुट जाएं।

उक्त जानकारी कार्यक्रम संस्था के प्रदेश अध्यक्ष मदन परमालिया एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद सत्यनारायण पटेल ने देते हुए बताया कि इस प्रसंग पर सात विभूतियों को आजाद-तिलक अलंकरण से विभूषित किया गया। जिनमे सर्वश्री समाजसेवी उमाशंकर रायकवार, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी योगेन्द्र सिंह तोमर, पूर्व पार्षद राधे बौरासी, सेवा और समर्पण के लिए राजेन्द्र पंडित, वाल्मिकी युवा समाजसेवी किशोर बाबा करोसिया, स्वंत्रता संग्राम सैनानी उत्तराधिकारी एवं समाजसेवी डॉ. संदीप नारद, समाजसेवी शेख शाकिर मसूदी को आजाद -तिलक अलंकरण से विभूषित किया गया। अतिथियों का स्वागत नरेन्द्र सूर्यवंशी, अनिल आजाद, गणेश वर्मा, बंटी कुमरावत, संजय जयंत, मिथलेश जोशी, पवन राठी, विजय राठौर, डॉ. निमिष नांदेचा, राहुल अय्यर आदि ने किया।

# अवैध कॉलोनियों पर तत्काल रोक लगे और दोषियों के विरुद्ध हो कठोर कार्रवाई

### नगरीय विकास एवं आवास मंत्री विजयवर्गीय ने समीक्षा बैठक में दिये अधिकारियों को निर्देश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंत्रालय में विभागीय अधिकारियों की बैठक में प्रदेश में अवैध कॉलोनियों पर तत्काल रोक लगाने एवं दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिये है।

उन्होंने बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के विभागीय बजट की समीक्षा भी की। बैठक में प्रमुख सचिव श्री नीरज मण्डलोई एवं आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री भरत यादव भी मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि नगर निगम क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के संबंध में 135 एफआईआर दर्ज की गई है। नगर निगम एवं नगर परिषद क्षेत्र में अवैध कॉलोनी के संबंध में 470 एफआईआर दर्ज कराई गई है। नगरीय विकास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने विभागीय अधिकारियों से अवैध कॉलोनी के निर्माण से जुड़े कॉलोनाइजर, एजेंट और क्षेत्रीय अधिकारियों के खिलाफ कड़ी सजा एवं आर्थिक दण्ड के प्रावधान किये जाने के लिये भी कहा। बैठक में अनाधिकृत कॉलोनी निर्माण की प्रस्तावित अपराध दण्ड के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई।

# 12वीं पास बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए नि:शुल्क करियर काउंसलिंग

### प्रो. डॉ. गर्ग प्रतिदिन एक घंटा नि:शुल्क परामर्श देंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अग्रवाल समाज द्वारा महाराजा अग्रसेन पारमार्थिक न्यास के तत्वावधान में इस वर्ष वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद गोयल, विनोद अग्रवाल एवं दिनेश मित्तल के मार्गदर्शन में समाज के उन प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग का वृहद कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है, जिसकी मदद से पालकों को भी अपने बच्चों के लिए भविष्य की पढ़ाई के लिए सही राह चुनने में आसानी होगी। प्रख्यात शिक्षाविद प्रो. डॉ. एस.एल. गर्ग इस अभियान के प्रमुख रहेंगे, जो जल्द ही बच्चों को प्रतिदिन सुबह 9 से 10 बजे तक निशुल्क काउंसलिंग प्रदान करेंगे।

पारमार्थिक न्यास के अध्यक्ष राम ऐरन एवं सचिव अरविंद बागड़ी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि प्राय: कक्षा 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद छात्र-छात्राएं और उनके पालक अपने करियर के चयन को लेकर काफी असमंजस में उलझे रहते हैं। यह उलझन प्रत्येक शिक्षा सत्र में देखने को मिलती है। महाराजा अग्रसेन पारमार्थिक न्यास ने इस स्थिति में प्रख्यात शिक्षाविद प्रो. एस.एल. गर्ग के मार्गदर्शन में 12वीं कक्षा पास कर चुके बच्चों के लिए विशेषकर आईएएस, आईआरएस और आईपीएस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने के इच्छुक बच्चों के लिए करियर काउंसीलिंग का यह प्रोजेक्ट प्रारंभ करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत डॉ. गर्ग अपने विजय नगर स्थित निवास पर प्रतिदिन सुबह 9 से 10 बजे तक बच्चों को करियर से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं और इंटरव्यू सहित विभिन्न विधाओं की विस्तृत और व्यवहारिक जानकारियां प्रदान करेंगे। यही नहीं बच्चों को यदि भविष्य में भी किसी तरह की अड़चन या समस्या आती है तो उसके समाधान के लिए भी डॉ. गर्ग एवं उनकी टीम द्वारा सम्पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा।

# गुरु समान दाता नहीं - तराणेकर

### सामूहिक गुरु गीता पाठ, उपनिषद पाठ, पादुका पूजन एवं महाआरती हुई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नाना महाराज संस्थान में आयोजित तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा उत्सव में बाबा साहेब प्रदीप तराणेकर ने कहा कि गुरु समान दाता नहीं हैं। गुरु ही प्रेरणा, मार्गदर्शन, सत्य से सक्षत्का कराने वाला और अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाला है। शिष्यो के सारे तापों को हरने वाला गुरु ही है और यश दिलाने वाला भी गुरु ही है। ऐसे गुरु को रोजाना प्रणाम भी करे और श्रध्दा से शीश भी नवायें।

संस्थान के प्रमुख तारक तराणेकर ने बताया कि उत्सव की शुरूआत प्रभाती से हुई। भक्तों ने सामूहिक रूप से भजन ह्गुरुजी मैं तो एक निरंजन ध्याउ, दूजा के संग नहीं जाऊ ह्र गाया। सामूहिक गुरु गीता का पाठ हुआ । आचार्य श्री गाडगिल गुरु शास्त्री ने वैदिक विद्वानों के साथ सामूहिक रूप से गुरु की पादुकाओ का पंचामृत से अभिषेक किया। अखिल भारतीय त्रिपदी परिवार के प्रतिनिधियो ने गुरु परम्परा अनुसार महाआरती की। सामूहिक उपनिषद का पाठ भी हुआ। बाबा साहेब प्रदीप तराणेकर ने संस्थान द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। तारक ने बताया कि उत्सव में शामिल होने के लिए गुजरात, मध्य प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र के विभिन्न शहरो से नाना महाराज और बाबा साहेब प्रदीप तराणेकर के शिष्य बड़ी संख्या में आये हुए है।

# विद्याधाम पर तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का धूमधाम से समापन

### ◆ देश के विभिन्न अंचलों से आए भक्तों के अलग-अलग समूहों ने किया पादुका पूजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर तीन दिवसीय गुरूपूर्णिमा महोत्सव का समापन मंगलवार को पूरे जोश एवं उत्साह के साथ हुआ। बड़ी संख्या में आश्रम से जुड़े भक्तों, श्रद्धालुओं एवं महिलाओं अलग-अलग समूहों ने गुरूवंदना स्वरूप भजनों के माध्यम से आश्रम के संस्थापक ब्रम्हलीन स्वामी श्री गिरिजानंद सरस्वती भगवन के मंदिर में कतारबद्ध होकर सुबह से दोपहर तक उनकी पादुकाओं का पूजन किया, वहीं दिनभर महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के पाद पूजन का क्रम भी चलता रहा।**

आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, यदुनंदन माहेश्वरी, पं. दिनेश शर्मा, राजेन्द्र महाजन, पूनमचंद अग्रवाल, रमेशचंद्र राठौर, डॉ. संजय पंडित, रमेश पसारी, सुश्री उमा शुक्ला, रेणु गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालुओं ने आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में ह्यभगवन की चरण पादुकाओ का पूजन एवं अभिषेक किया। राज्य के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता दीपक जैन टीनू, पार्षद बरखा नितिन मालू, एवं अन्य राजनेताओं ने आश्रम पहुंचकर महामंडलेश्वरजी का पूजन किया और पूज्य ह्यभगवन के मंदिर में दर्शन कर पादुकाओं पर पुष्पांजलि समर्पित की। मुंबई, दिल्ली, जयपुर, देहरादून एवं आसपास के शहरों एवं कस्बों के श्रद्धालु भी गुरूपूजन के लिए बड़ी संख्या में आए। इस अवसर पर देशभर में फैले ह्यभगवन के अनेक वेदपाठी शिष्यों ने भी एक दिनो पहले ही आश्रम आकर ह्यभगवन की प्रतिमा का आकर्षक और मनमोहक श्रृंगार किया। चातुर्मास में महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में विभिन्न आयोजन भी होंगे, जिनकी शुरूआत शुक्रवार से हो चुकी है। स्वामी चिन्मयानंद के प्रवचन भी प्रतिदिन सुबह-शाम हो रहे हैं। उनके सानिध्य में 31 विद्वानों द्वारा सुबह 9 बजे से अभिषेकात्मक लघु रूद्र महायज्ञ (121 लघु रुद्र) के अनुष्ठान भी चल रहे हैं।

# हर्ष जैन बने डेली कॉलेज ओल्ड डेलियन एसोसिएशन के मीडिया एडवाइजर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता हर्ष जैन को ओल्ड डेलियन एसोसिएशन (ओडीए) का मीडिया एडवाइजर नियुक्त किया गया है। यह महत्वपूर्ण नियुक्ति ओडीए के अध्यक्ष पंकज बागड़िया ने एक विशेष समारोह में डेली कॉलेज के दरबार हॉल में की।

इस मौके पर हर्ष जैन को नियक्ति पत्र सौंपा गया।इस अवसर पर हर्ष जैन ने ओडीए के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की और कहा कि वह इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने ओडीए के सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा कि वह ओल्ड डेलियंस के बीच संवाद और संचार को और अधिक सशक्त बनाने के लिए काम करेंगे। अध्यक्ष पंकज बागड़िया ने हर्ष जैन की नियुक्ति पर अपनी खुशी जाहिर की और विश्वास व्यक्त किया कि उनकी नेतृत्व क्षमता और मीडिया के प्रति उनकी समझ से ओडीए को नया आयाम मिलेगा।

# मानपुर थाने का घेराव, ढाबा संचालक पर कार्रवाई की मांग

### अवैध रिफिलिंग के दौरान हुए ब्लास्ट में दूसरे युवक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू के पास मानपुर थाना क्षेत्र में आने वाले वैष्णो देवी ढाबे के पास बीते दिनों हुए ब्लास्ट में तीन लोग घायल हो गए थे। जिसमें एक युवक की कुछ दिनों पहले ही मौत हो गई थी। दो युवकों का इलाज चल रहा था।**

सोमवार रात दूसरे युवक की भी मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने मंगलवार दोपहर मानपुर थाने का घेराव कर दिया। कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की।

जानकारी के अनुसार मां वैष्णो देवी ढाबे के समीप अवैध रूप से डीजल-पेट्रोल की रिफिलिंग का कार्य संचालित होता था। करीब 15 दिन पहले यहां पर एक ब्लास्ट हुआ। जिसमें यहां कार्य करने वाले तीन लोग झुलस गए और इनमें से सोनू निवासी शाजापुर की 8 दिन पहले मौत हो गई।

जबकि दूसरे युवक की सोमवार देर रात इंदौर के निजी अस्पताल में मौत हुई है। मृतक वीरेंद्र सिंह सिसोदिया पिता मान सिंह (29) निवासी दर्जनपुरा मानपुर की मौत के बाद परिजनों ने मानपुर थाने पहुंचकर एसडीओपी दिलीपसिंह चौधरी को ज्ञापन दिया। मां वैष्णो देवी ढाबा संचालक पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही ढाबे की नपती करने और यदि वहां नपती में अवैध पाया जाता है तो उसे तोड़ने की भी मांग की है। इस दौरान मौके पर करणी सेना के लोग भी मौजूद रहे। मामले में डीएसपी दिलीप चौधरी का कहना है कि फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। परिजनों से अभी ज्ञापन लिया है। इसके साथ ही आरोपियों के खिलाफ धाराएं भी बढ़ाई जाएंगी।

### आश्रमों-होस्टलों को लेकर गाइड लाइन

# कलेक्टर ने ली बैठक; साफ-सफाई, भोजन और सुरक्षा पर खास जोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। युग पुरुष की घटना के बाद कलेक्टर आशीष सिंह ने आश्रमों और होस्टलों संचालकों की बैठक ली। बैठक में साफ-सफाई, भोजन और सुरक्षा पर खास जोर दिया गया। इसके साथ ही कई बिंदुओं पर दिशा-निर्देश जारी किए गए।**

कलेक्टर निर्देश पर जिले के सभी सरकारी छात्रावासों और आश्रमों का नियमित रूप से निरीक्षण और बच्चों से संवाद होगा। छात्रावास और आश्रम के अधीक्षक संस्थाओं में साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता और बच्चों के स्वास्थ्य, सुरक्षा पर विशेष ध्यान देंगे।

### ऐसी है गाइड लाइन

1. सभी अधीक्षक छात्रावासों औप आश्रमों के सभी स्टूडेंट्स से प्रतिदिन संवाद करें। उनमें यदि किसी भी प्रकार असुरक्षा का भाव आए तो समझकर उसका समय पर समाधान किया जाए।
2. अनुशासन का पालन करें और मुख्यालय पर ही रहे।
3. अधीक्षक ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल न हो जो सिविल सेवा नियमों के उल्लंघन की श्रेणी में आती हैं।
4. बच्चों के लिए अधीक्षक/अधीक्षिका माता-पिता और गुरु की भूमिका में होते हैं। वे खुद को बच्चों के समक्ष एक मिसाल के रूप में स्थापित करें। कन्या छात्रावास/आश्रमों में अनिवार्यतः महिला चौकीदार ही रहे।
5. छात्रावास/आश्रमों में बिजली के खुले तार नहीं हो। पेयजल या अन्य समस्याएं हो तो तत्काल सूचित कर दुरुस्त करवाएं।
6. सुरक्षा के लिए 'सेफ्टी मस्ट सेफ्टी फर्स्ट' भोजन बनाते समय अधीक्षक खुद उपस्थित रहे। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखे। छात्रावास/आश्रमों में निवासरत छात्र-छात्राओं से चर्चा में स्वास्थ्य, व्यक्तिगत और शरीर आदि की सफाई की स्थिति पर भी ध्यान दें। छात्र-छात्राओं का हर माह स्वास्थ्य परीक्षण प्रतिमाह कराएं।
7. छात्र-छात्राओं की सुरक्षा प्राथमिकता हैं। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाएं। छात्रावास/आश्रमों में प्रकाश की व्यवस्था हो।
8. पानी की टंकियों की नियमित साफ-सफाई करें। आरओ ठीक अ होकर पूर्णतः कार्यशील रहे। पालक समिति की बैठकें अनिवार्य रूप से आयोजित करें।
9. बच्चों द्वारा ध्यान भटकाने वाली गतिविधि की जाने, अपनी परेशानी बताए जाने पर या बीमारी की स्थिति में तत्काल परिवार को सूचित करें।
10. छात्र-छात्राओं से सभ्य भाषा का ही उपयोग किया जाएं। मेस, स्टोर में खाद्य पदार्थ शुद्ध रहे। एक्सपायरी डेट के मसाले और अन्य सामग्री न हो।
11. टेबलेट में ऑनबोर्डिंग करें, रिचार्ज रखे और रोज उपस्थिति लगाएं। टेबलेट हमेशा ऑन रखें।
12. रसोई के बर्तन, झूठे बर्तन अच्छे से साफ करें, ताकि फूड पायजनिंग जैसी समस्या न हो।
13. पानी की टंकियों से अनावश्यक पानी न बहे व छत की सफाई नियमित रूप से करें।
14. हर आने वाले की एंट्री करें। छात्र-छात्रा का आईडी कार्ड, उनके माता- पिता, भाई के आईडी कार्ड रखें।
15. छात्र-छात्राओं के प्रति चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का व्यवहार संवेदनशील होकर सभ्यतापूर्ण हो।
16. सीसीटीवी कैमरे चालू हालत में हो और इसरी लिंक अधीक्षक के मोबाइल से जुड़ी हो।

# से बादल छाने के साथ रिमझिम बारिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बुधवार सुबह से रिमझिम बारिश का दौर बना हुआ है। जिसके चलते मौसम में ठंडक बनी हुई है। जुलाई में बारिश का रुख काफी रुखा है। पिछले एक हफ्ते में बादलों, फुहारों, रिमझिम और कहीं हल्की बारिश का दौर चलता रहा। स्थिति यह कि इंदौर में जुलाई माह में अब तक सिर्फ 6 इंच बारिश रिकॉर्ड की जा सकी जबकि औसत बारिश का कोटा 12 इंच है। मौसम वैज्ञानिकों ने बुधवार को बारिश का अनुमान जताया है। वहीं मंगलवार सुबह से भी बादल छाए रहे और दिनभर रुक रुक कर बारिश होती रही। जिसके चलते फुहारों वाला मौसम बना रहा। बीते दो दिन से दिन और रात के तापमान में 1 से 2 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई। मंगलवार को दिन का तापमान 27 (-2) और रात का तापमान 23 (+1) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। सोमवार को दिन का तापमान 27.2 (-2) और रात का तापमान 23.6 (+1) डिग्री सेल्सियस रहा रिकॉर्ड किया गया था।

### बजट प्रतिक्रिया :

# विकास को बढ़ावा देने, लेकिन शेयर बाजार को निराशा देने वाला ये बजट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। सीए एवं टीपीए एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं अग्रसेन महासभा के अध्यक्ष सीए एस.एन. गोयल ने मंगलवार को संसद में प्रस्तुत किए गए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट को विकास के विभिन्न आयामों को बढ़ावा देने और शेयर बाजार के लिए निराशाजनक बजट बताया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अल्पकालिक पूंजीगत कर को विशेष संपत्ति के साथ बढ़ाया है, लेकिन शेयर बाजार में हलचल और निराशा की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। व्यक्तिगत आयकर में 15 लाख तक की आयकर वाले करदाताओं को 10 हजार रुपए तक की छूट देने से वेतनभोगी लोगों को भी राहत मिलेगी। आयकर से जुड़े विवादों से निपटारे के लिए नई योजना बनाई जा रही है, ट्रस्ट के आयकर अब केवल एक रेजिम में ही देय होंगे, वहीं कस्टम ड्यूटी में भी कमी की गई है। निश्चित ही यह बजट विकास की दिशा में अच्छी कोशिश हैं, लेकिन बहुत ज्यादा उत्साह या उमंग का सृजन करने वाला बजट नहीं है।

# आधा दर्जन से अधिक दुकानों में वारदात करने वाले पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पलासिया पुलिस ने दो चोरों को पकड़ा है। आरोपियों से आधा दर्जन से अधिक चोरियों के बारे में जानकारी मिली है। चोरों ने पलासिया के साथ विजय नगर इलाके में वारदात को अंजाम दिया था। सीसीटीवी में चोर कैद हुए थे। इसके बाद से पुलिस लगातार उनकी तलाश कर रही थी। पलासिया पुलिस की टीम ने साहिल बंजारा और कालू सोलंकी नाम के दो बदमाशों को पकड़ा है। आरोपियों ने कुछ दिन पहले पलासिया थाने में पूजा सैनिटरी नाम की दुकान में चोरी की थी। दोनों बदमाशों से जब पूछताछ की गई तो उन्होंने विजय नगर में कुछ दिन पहले हुई चोरी की वारदातों का भी खुलासा किया है। आरोपियों ने यहां एक के बाद एक कई चोरी की वारदातों को अजांम दिया था। अफसर जल्द मामले का खुलासा करेंगे।

# पत्नी-बच्चों को ससुराल भेजकर प्लंबर ने लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** चंदन नगर में रहने वाले एक प्लम्बर ने फांसी लगाकर जान दे दी। बताया जाता है कि उसने पत्नी और बच्चों को मंगलवार को ससुराल भेज दिया था। इसके बाद यह कदम उठा लिया। पुलिस ने मामला जांच में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ओंकार पुत्र महेन्द्र निवासी कालानी नगर ने अपने घर में फांसी लगा ली। मकान मालिक ने उसे फंदे पर लटके देखा था। ओंकार के परिवार के लोगों ने बताया कि मंगलवार को उसने पत्नी शीतल और बच्चों को ससुराल भेज दिया था। ओंकार मूल रूप से बामंदी ग्राम कसरावद का रहने वाला है। पुलिस ने शव को जिला अस्पताल भेजा है। वहीं कसरावद में परिवार के लोगों को सूचना की गई है।

# 16 वर्षीय नाबालिग लापता

### परिजनों ने दर्ज कराई गुमशुदगी, फुटेज के आधार पर तलाश कर रही पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** औद्योगिक नगरी पीथमपुर में रहने वाले एक मजदूर परिवार का 16 वर्षीय बालक लापता हो गया। परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है, पुलिस बालक की तलाश कर रही है। पीथमपुर थाने के उप निरीक्षक प्रकाश साही ने बताया कि सोमवार रात बगदून क्षेत्र में रहने वाले मजदूर परिवार ने थाने में शिकायत दर्ज कराई की उनका 16 वर्षीय बालक सोमवार सुबह से लापता है। परिजनों ने उसकी आसपास तलाश की, लेकिन बालक का कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने परिवार के आवेदन पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी तलाश रही है। एसआई प्रकाश साही ने बताया कि परिजनों आशंका हैं कि कोई व्यक्ति नाबालिग बालक को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। हर एंगल से मामले की जांच की जा रही है।

# रेड एबुलेंस को लेकर किया विरोध

### मनमाना किराया और मोनोपाली के लगाए आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एंबुलेस ऑपरेटर वेलफेयर सोसायटी द्वारा निजी अस्पतालो में हो रही रेड हेल्थ एंबुलेस का अनुबंध और लोकल एबुलेंस चालको के कमीशन खोरी रोकने के लिये निजी अस्पताल के प्रशासनिक अफसरों को आपति दर्ज कराकर विरोध किया गया। चोइथराम अस्पताल,केयर सीएचएल अपोलो अस्पताल,राजश्री आपोलो और बाम्बे अस्पताल में एंबुलेस ऑपरेटर वेलफेयर सोसायटी द्वारा ज्ञापन दिया गया। संस्था के अध्यक्ष पंकज नामदेव ने बताया कि हैदराबाद की रेड एंबलेस कंपनी द्वारा निजी अस्पतालो से अनुबंध कर खुलेआम मरीजो की जेब में डाका डाला जा रहा है। कंपनी के पास 3 से 4 एबुलेंस ही है। वही 40 से 50 एबुलेंस बताई जा रही है। जो मध्यप्रदेश शासन के राजस्व को भी वहां के नंबर से शहर में चलाकर हानि पहुंचा रहे है। साथ ही लोकल एंबुलेस आपरेटर 20 से 25 साल तक शहर में त्वरित सेवाएं दे रहे है। रेट एबुलेंस में लिस्ट के हिसाब से किराया वसूल ना करते हुए मनमाना किराया लिया जा रहा है। वह मदद के बदले कंपनी की ब्राडिंग कर रहे है। साथ ही मरीजों पर दबाव बना रहे है। जिससे जनता की जेब पर सीधे असर पड़ रहा है। एंबुलेस ऑपरेटर वेलफेयर सोसायटी के सचिव ललित बिरला ने बताया कि उनकी संस्था में शहर के साथ छोटे जिलो के आपरेटर भी जुडें है। जिसमें सभी निस्वार्थ मदद करते है। मामले में सभी अस्पताल प्रबधंन द्वारा ज्ञापन लेकर उस पर विवार करने की बात कही गई।

# अग्रवाल महिला प्रकोष्ठ द्वारा आया सावन झूम के कल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सावन की अगवानी में महिला प्रकोष्ठ, अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति द्वारा अपने ह्यलव यू जिंदगी कार्यक्रम के तहत ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर स्थित नक्षत्र सभागृह में गुरुवार, 25 जुलाई को दोपहर 3 बजे से आया सावन झूम के कार्यक्रम मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत प्रकोष्ठ की सखियां परंपरागत लहंगा-चुन्री पहनकर रेम्प वॉक करेंगी। डांस एवं ग्रुप तम्बोला के कार्यक्रम भी होंगे। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

# रेलवे ट्रैक पर मिट्टी बहकर आई : ट्रेनें प्रभावित

## अशोकनगर में स्कूल और घरों में पानी घुसा, रायसेन में युवक बहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में तेज बारिश हो रही। बीना-सागर-कटनी रेलवे ट्रैक पर गिरवर रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार को बारिश से मिट्टी और मुरम बहकर आ गई। 3 घंटे तक ट्रैक बंद रहा। कामायनी एक्सप्रेस, बिलासपुर एक्सप्रेस, राजरानी एक्सप्रेस ट्रेनें मलबा हटाए जाने तक प्रभावित रहीं।**

सागर में गिरवर के पास तीसरी लाइन और ओवरब्रिज का काम चल रहा है। बारिश के कारण ट्रैक के बगल में पड़ी मिट्टी अप और डाउन दोनों ट्रैक पर आ गई थी।

अशोकनगर के मुंगावली में मंगलवार सुबह 3 घंटे में 6 इंच पानी गिरा। स्कूल, मकान और दुकानों में पानी भर गया। नेशनल हाईवे-346 का पुल डूब गया। दोनों ओर 400 फीट तक पानी भर गया। उधर, सिवनी में एक युवक बाइक समेत नाले में बह गया। पुलिस और एसडीआरएफ की



टीम उसकी तलाश कर रही है।

रायसेन के सियालवाडा टोला नयाखेडा गांव के रपटे में सोमवार रात बहे हरिओम ठाकुर का शव मंगलवार दोपहर निकाला जा सका। आलीराजपुर के गुलियावाड फलिया मथवाड में नाले में बहे दंपती जाहगिया और फुदली के शव भी मंगलवार को मिले।

### सतना में 1 इंच बारिश-

मध्यप्रदेश में मंगलवार को भी तेज बारिश का दौर जारी रहा। सतना में 1 इंच से ज्यादा पानी गिर गया। जबलपुर-खजुराहो में पौन इंच बारिश हुई। धार, भोपाल, बैतूल, गुना, ग्वालियर, इंदौर, खंडवा, शिवपुरी, उज्जैन, दमोह, मंडला, नरसिंहपुर, नौगांव, रीवा, सागर, टीकमगढ़, उमरिया और बालाघाट जिले के मलाजखंड में भी हल्की बारिश का दौर चला।

### प्रदेश में अब तक 12.9 इंच पानी गिरा

प्रदेश में अगले दो दिन बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव रहेगा। मौसम विभाग ने जबलपुर, ग्वालियर समेत 27 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में अब तक एवरेज 12.9 इंच पानी गिर चुका है। यह सीजन की 35% बारिश है। पश्चिमी हिस्से- भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर-चंबल संभाग में एवरेज से 5% ज्यादा पानी गिर चुका है, जबकि पूर्वी हिस्से- रीवा, सागर, जबलपुर और शहडोल संभाग में 17% कम बारिश हुई है। हालांकि, 3 दिन से इन संभाग के जिलों में भी तेज बारिश हो रही है। बारिश का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है।

### ग्वालियर-चंबल में भी एक्टिविटी तेज होगी इंदौर भी भीगेगा

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया- छत्तीसगढ़ के मध्य हिस्से में लो प्रेशर है। इस वजह से मानसून ट्रफ लाइन एमपी के बीच से गुजर रही है। साइक्लोनिक सकुर्लेशन भी एक्टिव है। पूर्व-उत्तर राजस्थान के ऊपर चक्रवाती घेरा है। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी भी आ रही है। इन्हीं वजहों से 48 घंटे के दौरान बारिश का दौर चलता रहेगा। अगले 24 घंटे में ग्वालियर-चंबल और इंदौर संभाग भी भीगेगा। इसके बाद सिस्टम का असर कम होगा, लेकिन कुछ जिलों में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। डॉ. सिंह ने बताया, ह्25 जुलाई से सिस्टम कमजोर होगा। कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश का दौर जारी रहेगा। प्रदेश के पूर्वी हिस्से में 28 जुलाई से फिर से तेज बारिश शुरू होगी। 29 और 30 जुलाई को उत्तरी हिस्से में तेज बारिश होने का अनुमान है।

## महाकाल की सवारी में भगदड़

# बैरिकेड्स पार करने के चक्कर में एक-दूसरे पर गिरे लोग, पंडे-पुजारी भी दबे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। सावन के पहले सोमवार को निकली महाकाल की सवारी में भगदड़ जैसे हालात बन गए। पुलिस ने तुरंत स्थिति को संभाल लिया, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह का कहना है कि डीजे वाले के कारण यह स्थिति बनी। उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।**

घटना का वीडियो मंगलवार को सामने आया है। पुलिस ने भगवान महाकाल की सवारी के रास्ते में भीड़ को काबू करने के लिए बैरिकेडिंग की थी। हरसिद्धि की पाल पर कहारवाड़ी की ओर से शिप्रा नदी की तरफ जाने वाले रास्ते पर भी बैरिकेड लगाए गए थे।

शाम करीब 6 बजे पालकी, भजन मंडली और डीजे को रास्ता देने के लिए बैरिकेड खोले गए। जैसे ही बैरिकेड खुले, भीड़ नदी की ओर भागने लगी। लोग एक-दूसरे पर गिरते चले गए। इसमें महिला, पुरुष समेत कई पंडे-पुजारी भी दब गए।

### हल्का बल प्रयोग कर तितर-बितर की भीड़

भगदड़ की स्थिति बनते ही मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और जमीन पर गिरे लोगों को उठाकर बाहर निकाला। हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर किया। इसके बाद रास्ते पर एक बार फिर बैरिकेड्स लगा दिए गए।

### कलेक्टर बोले- डीजे जब्त कर कार्रवाई करेंगे

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने कहा- घटना में डीजे वाले की गलती सामने आई है। वह अनाधिकृत रूप से सवारी के बीच घुसा था। इस कारण ऐसी स्थिति बनी। डीजे को जब्त कर कार्रवाई की जाएगी। आगे जिन जगह भीड़ बढ़ने की आशंका है, वहां सुरक्षा और बढ़ाई जाएगी।

# पुलिस पर पत्थर-शराब की बोतलें फेंकी, एसडीओपी घायल

## ◆ महिला को पीटने वालों की दुकानें तोड़कर लौट रही टीम पर हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना। गुना में भीड़ ने पुलिस टीम पर पत्थर और शराब की बोतलें फेंकी। जेसीबी में तोड़फोड़ की। पत्थर लगने से एसडीओपी विवेक अष्ठाना घायल हो गए। पुलिस को आंसू गैस के गोले दागकर भीड़ को तितर-बितर करना पड़ा।**

मामला फतेहगढ़ के विष्णुपुरा गांव का है। पुलिस और प्रशासन की टीम महिला से मारपीट के आरोपियों की दो दुकानें तोड़कर लौट रही थी। भीड़ की मांग थी कि आरोपियों के घर को भी तोड़ा जाए। इससे पहले प्रदर्शनकारियों ने दोपहर में फतेहगढ़ थाने का घेराव कर आरोपियों के मकान गिराने की मांग रखी थी। दरअसल, फतेहगढ़ के विष्णुपुरा गांव में सोमवार सुबह जमीन के झगड़े में दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। एक



पक्ष के आरोपी ने दूसरे पक्ष की महिला को बाल पकड़कर जमीन पर पटका। इसके बाद वह महिला के पेट पर घुटने रखकर बैठ गया और चेहरे-पीठ पर घूंसे मारे थे। इसका वीडियो भी सामने आया था। महिला से मारपीट मामले में फतेहगढ़ थाना प्रभारी एसआई कृपाल सिंह परिहार को लाइन अटैच किया जा चुका है।

### जिस जमीन के लिए झगड़ा, वो सरकारी

आरोपी फरीद खान के घर के पास सरकारी जमीन है। उसने पत्थर रखकर जमीन पर कब्जा जमा लिया है। वह यहां मवेशी बांधता है। गांव के ही रहने वाले दीपचंद लोधी का परिवार भी जमीन पर कब्जा करना चाहता है। पहले भी दोनों परिवारों में इस बात पर झगड़े हो चुके हैं। सोमवार को दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए थे।

### हिंदू संगठन और ग्रामीणों ने घेरा थाना

मंगलवार दोपहर 12.30 बजे विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने फतेहगढ़ थाने का घेराव कर दिया। सभी मंडी में जुटे। यहां से रैली के रूप में थाने पहुंचे। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि आरोपियों पर हत्या के प्रयास की धारा बढ़ाई जाए। उनका घर बुलडोजर चलाकर ढहाया जाए। सरकारी जमीन से कब्जा हटवाया जाए।

## डायरिया से महिला की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा के पातालकोट के चिमटीपुर में डायरिया से ग्रामीण संक्रमित हुए हैं। यहां कुएं का दूषित पानी पीने की वजह से ग्रामीण उल्टी - दस्त के शिकार हुए हैं। ग्रामीणों के मुताबिक, चिमटीपुर में उल्टी - दस्त से पीड़ित एक महिला ने दम तोड़ दिया। गांव के लगभग 15 लोगों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पातालकोट में ग्रामीणों की एक के बाद एक तबीयत बिगड़ने पर तामिया सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिमटीपुर निवासी राकेश उइके ने अपने 60 वर्षीय पिता मथेलाल को जिला अस्पताल में एडमिट कराया है। राकेश उइके ने बताया कि कुछ दिन से चिमटीपुर में एक बाद एक 14 से 15 लोग उल्टी - दस्त से बीमार हो गए और लगातार तबीयत बिगड़ रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीम दो दिन पहले पहुंची है।

# डॉक्टर के हत्यारे बेटे को उम्रकैद

## पत्नी ने रची साजिश, नाबालिग ने कुल्हाड़ी से मारा; 4 साल बाद फैसला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल।** बैतूल जिले में डॉक्टर पिता के हत्यारे नाबालिग बेटे को उम्रकैद की सजा सुनाई है। जबकि चार साल पुराने मामले में कोर्ट ने आरोपी पत्नी को सबूतों के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। घटना के समय पुलिस को डॉक्टर की पत्नी-बेटे ने बताया था कि नकाबपोशों ने घर में घुसकर कुल्हाड़ी, फावड़े और धारदार हथियारों से हत्या कर दी। बीच बचाव करने पर बेटे और बेटी घायल भी हो गए। मां-बेटे ने यह बात बार-बार दोहराई, जिससे पुलिस नकाबपोशों को ढूंढने में लगी रही। हालांकि, बाद में फिंगरप्रिंट मिलान किया तो औजारों पर 17 साल के नाबालिग की उंगलियों के निशान थे।

### औजारों पर मिले बेटे के फिंगरप्रिंट

हत्या के बाद फिंगर प्रिंट विशेषज्ञ आबिद अहमद अंसारी ने मौके से फिंगरप्रिंट लिए थे। जिसके मिलान के लिए थाना प्रभारी चोपना से संदेहियों और परिजनों के फिंगरप्रिंट मांगे गए। जब इनका मिलान किया तो हत्या में उपयोग हुए औजारों पर 17 साल के नाबालिग बेटे की उंगलियों के निशान मैच हो गए। इसके बाद सख्ती से पूछताछ की गई। मां-बेटे ने जुर्म कबूल कर पूरा घटनाक्रम बयां कर दिया। इसी आधार पर कोर्ट ने भी आरोपी बेटे को उम्रकैद की सजा सुनाई। जबकि साक्ष्य नहीं मिलने पर महिला को बरी कर दिया। डॉक्टर की उनके ही नाबालिग बेटे ने धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। चार साल बाद मामले में कोर्ट ने उसे उम्रकैद की सजा सुनाई है।

## संपादकीय

# कृषि प्रधान देश में खेती और खुदकुशी,

भारत को कृषि प्रधान देश कहा जाता है, मगर यहां के किसान आज भी कई तरह की समस्याओं और परेशानियों से घिरे हुए हैं। यही वजह है कि किसानों की आत्महत्या के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। महाराष्ट्र सरकार की एक रपट के मुताबिक, इस वर्ष जनवरी से जून के बीच राज्य में 1,267 किसानों ने आत्महत्या कर ली। राष्ट्रीय अपराध रेकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2022 में कृषि क्षेत्र से जुड़े 11,290 लोगों ने आत्महत्या कर ली, जिनमें 5,207 किसान और 6,083 खेतिहर मजदूर थे और इनमें महाराष्ट्र से सबसे ज्यादा थे। इसी तरह वर्ष 2021 में कृषि कार्यों में लगे 10,881 लोगों और 2020 में 10,677 लोगों ने अपनी जान दे दी। किसानों की खुदकुशी के पीछे पारिवारिक कर्ज या आर्थिक संकट को सबसे बड़ी वजह माना जाता है। हालांकि इन आर्थिक परेशानियों के भी कई स्तर हैं। मसलन, प्राकृतिक आपदा, कर्ज का बोझ, फसलों की बढ़ती लागत, घटती आय और फसलों के उत्पादन में गिरावट। महाराष्ट्र सरकार की रपट में कहा गया है कि राज्य में पिछले छह माह में किसानों की खुदकुशी के सबसे ज्यादा मामले विदर्भ क्षेत्र के अमरावती मंडल में सामने आए हैं। बहुत से किसान खेती के लिए बैंक और साहूकारों से कर्ज लेते हैं और अगर प्राकृतिक आपदा की वजह से फसल बर्बाद हो जाए या उत्पादन कम हो, तो उनके लिए कर्ज चुकाना मुश्किल हो जाता है। उर्वरक, खेती के लिए उपकरण और सिंचाई पर होने वाला खर्च बढ़ रहा है, जबकि किसानों की आय में बढ़ोतरी नहीं हो रही है। लिहाजा, किसानों की आर्थिक परेशानियां बढ़नी स्वाभाविक हैं। लंबे समय से चली आ रही न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए कानूनी गारंटी की मांग भी लंबित है। दूसरी ओर, उद्योग जगत के ऋणों के प्रति सरकार के नजरिए में जो नरमी देखी जाती है, वह किसानों के लिए नहीं दिखती। ऐसे में किसानों की समस्याओं की जटिलता अगर उन्हें आत्महत्या के कगार पर ले जाती है तो इसे एक नतीजे के तौर पर देखा जा सकता है। इस समस्या के निराकरण के लिए ठोस और कारगर उपाय किए जाने जरूरत है, अन्यथा यह स्थिति और जटिल होगी।



## हंसी-ठिठोली

**पति-** तुम तैयार होने में बहुत टाइम लगाती हो। मुझे देखो मैं 2 मिनट में तैयार हो जाता हूं।

**पत्नी-** नूडल और शाही पनीर में यही तो फ़र्क़ है।

## OSHO कहिन


**भीड़ उनको ही पसंद करती है, जो उनके जैसे हैं किसी अनूठे को नहीं।**



## ज्ञान-विज्ञान

# शनि का चंद्र ग्रहण

## आज आसमान में देखा जा सकेगा अनोखा नजारा, चांद के पीछे आ जाएगा शनि ग्रह



खगोल विज्ञान में दिलचस्पी रखने वाले लोगों की निगाहें बुधवार रात ( 24 और 25 जुलाई की मध्य रात्रि) को आसमान में होंगी। इसकी वजह ये है कि बुधवार रात को शनि का चंद्र ग्रहण होने जा रहा है। भारत में करीब 18 साल बाद शनि का चंद्र ग्रहण देखने को मिलेगा। वैज्ञानिकों का कहना है कि 24 और 25 जुलाई की मध्य रात्रि में रात में कुछ घंटों के लिए इसे नंगी आंखों से देखा जा सकेगा, जब दो खगोलीय पिंड- चंद्रमा और शनि आमने-सामने आ जाएंगे। चंद्रमा शनि ग्रह को कुछ घंटों के लिए एशिया और अफ्रीका के आसमान पर ढकता हुआ दिखाई देगा।

टीओआई की रिपोर्ट के मुताबिक, शनि चंद्र ग्रहण तब होता है, जब चांद अपनी ओट में शनि को छिपा लेता है। शनि के चंद्रमा के पीछे छिप जाने से चंद्रमा के किनारे से शनि के रिंग (छल्ले) नजर आते हैं। इस खगोलीय घटना को वैज्ञानिकों ने लूनर ऑकल्टेशन ऑफ सैटर्न का नाम दिया है। एक्सपर्ट के मुताबिक, शनि चंद्र ग्रहण 25 जुलाई को सुबह 01:03 बजे शुरू होगा और करीब दो घंटे यानी रात 02:56 बजे तक जारी रहेगा।

### ◆ वैज्ञानिकों के लिए होता है रिसर्च का मौका

वैज्ञानिक नजरिए ये ये एक दुर्लभ घटना होती है, जो चार साल के अंतराल पर हर 18 महीने में होती है। यह वैज्ञानिकों और इस क्षेत्र में दिलचस्पी रखने वालों को चंद्रमा और शनि ग्रह के इस मिलन पर अध्ययन करने का मौका देती है। यह घटना चंद्रमा की टोपोग्राफी और शनि की वायुमंडलीय स्थिति के बारे में बहुत कुछ बता सकती है। इस घटना को देखने का सबसे अच्छा समय शुरुआत और अंत में होता है, जब शनि और चंद्रमा दोनों गति में रहते हैं।

बैंगलोर में भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान (आईआईए) के अनुसार, भारत के दक्षिणी और पूर्वी हिस्से के लोग इस घटना को देख सकते हैं। बैंगलोर में ग्रहण 01:03 बजे से दिखाई देगा, मुंबई में यह 01:26 बजे शुरू होगा। कोलकाता में 1:38 और गुवाहाटी में 01:50 बजे दिखाई देगा। भारत के साथ-साथ चीन, जापान, म्यांमार और श्रीलंका में भी इसे देखा जा सकेगा।


शनि का चंद्र ग्रहण को प्रदूषण मुक्त क्षेत्र से देखने की सलाह दी जाती है, ऐसी जगह से इसे नंगी आंखों से देखा जा सकता है। शहर में रहने पर एक छोटी दूरबीन इसका अच्छा नजारा दे सकती है। चंद्रमा के पीछे शनि के गायब होने का नाटकीय दृश्य इस साल 14 अक्टूबर को एक बार फिर से दिखने जा रहा है।

New Delhi

# दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश, सड़कों पर भरा पानी, गाड़ियों की थमी रफ्तार, ट्रैफिक जाम

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली-एनसीआर में आज (24 जुलाई) सुबह से ही जबरदस्त बारिश हो रही है. भारी बारिश की वजह से दिल्ली, नोएडा के कुछ इलाकों में जलभराव भी हुआ है. एक तरफ जहां बारिश ने उमस भरी गर्मी से राहत दी है तो वहीं, दूसरी ओर सड़कों पर पानी भरने से लोगों की परेशानी भी बढ़ रही है.

दरअसल, जलभराव के बीच गाड़ियों की रफ्तार थमने से सुबह के वक्त दफ्तर जाने वालों को ट्रैफिक जाम से जूझना पड़ सकता है. मौसम विभाग की माने तो दिल्ली, नोएडा , गाजियाबाद, फरीदाबाद और आसपास के इलाकों में अगले कुछ घंटों में हल्की से मध्यम बारिश और बूंदाबांदी का दौर जारी रहेगा.



हालांकि, इस बारिश से थोड़ी परेशानी जरूर हो सकती है क्योंकि ऑफिस के टाइम में सुबह दफ्तर जाने वालों को कठिनाई हो सकतीहै.. लेकिन उमस भरी गर्मी से राहत भी मिली है. कई दिनों से दिल्ली एनसीआर उमस भरी गर्मी पड़ रही थी और आज सुबह सुबह तेज बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है.

इसके अलावा, मौसम विभाग ने आज उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और पूर्वी राजस्थान में अलग-अलग स्थानों पर बहुत भारी बारिश होने की संभावना जताई है. स्काईमेट के मुताबिक, पूर्वोत्तर राजस्थान और इससे सटे दक्षिणी हरियाणा के निचले स्तरों पर एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है. साथ ही, मानसून ट्रफ जो अपनी सामान्य स्थिति से दक्षिण की ओर चल रहा है. उसके उत्तर की ओर बढ़ने और

Jammu

## जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में सेना को सफलता, एक आतंकी ढेर; जवान भी घायल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच रातभर एनकाउंटर हुआ जिसमें एक आतंकवादी मारा गया और एक जवान घायल हो गया। सेना ने बुधवार को यह जानकारी दी। श्रीनगर की चिनार कोर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा, ''कुपवाड़ा के कोवुत इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिलने पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 23-24 जुलाई को संयुक्त तलाश अभियान शुरू किया।''

सेना ने कहा कि मंगलवार को संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर सैनिकों ने संदिग्धों को चुनौती दी। इस पर आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और दोनों ओर से मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना ने कहा कि मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया और एक सैनिक घायल हो गया। अभियान जारी है। इसके पहले, जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में मंगलवार तड़के नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास आतंकवादियों की घुसपैठ की कोशिश को सेना ने नाकाम कर दिया, जिस दौरान एक जवान शहीद हो गया था।'व्हाइट नाइट कोर' ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''सतर्क सैनिकों ने तड़के तीन बजे बट्टल सेक्टर में घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों की गोलीबारी का माकूल जवाब देकर घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी।'' कोर ने कहा, "भारी गोलीबारी के दौरान एक वीर जवान घायल हो गया। अभियान जारी है।'' सूत्रों के अनुसार, सैनिकों को कृष्णाघाटी के बट्टल अग्रिम क्षेत्र में आतंकवादियों के समूह की गतिविधियों का पता चला और उन्हें पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। सूत्रों ने बताया कि लांस नायक सुभाष कुमार भीषण मुठभेड़ में घायल हो गए और बाद में उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों को भी नुकसान पहुंचा है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सैनिक का पार्थिव शरीर पोस्टमॉर्टम के बाद सेना को सौंप दिया गया है।

Uttarpradesh

## एएमयू कैंपस में फायरिंग, 2 कर्मचारी घायल, हमलावर को लोगों ने दबोचा

**अलीगढ़, (एजेंसी)** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (AMU) के कैंपस में फायरिंग का मामला सामने आया है. जानकारी के मुताबिक 2 कर्मचारियों पर फायरिंग की गई. घटना के बाद AMU सुरक्षाकर्मियों ने 2 हमलावरों को पकड़ लिया है. इसके अलावा फायरिंग के दौरान घायल दोनों लोगों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया. गोलीबारी की घटना सामने आने के बाद कैंपस में अफरा-तफरी का माहौल हो गया. गोली चलते ही आस-पास मौजूद सुरक्षाकर्मी चौकन्ने हो गए और हमलावरों को तुरंत धर दबोचा. पुलिस को मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची और आगे की जांच की जा रही है.

पिछले साल सितंबर में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के जवाहरलाल नेहरू (JN) मेडिकल कॉलेज में फायरिंग का मामला सामने आया था. जनाकारी के मुताबिक, घटना को अंजाम देने वाले बदमाश कैंटीन संचालक से हफ्ता मांग रहे थे. जब कैंटीन संचालक ने हफ्ता देने से इनकार कर दिया तो आरोपियों ने वहां फायरिंग कर दी.

यह वारदात जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के स्पेशल वार्ड के पास स्थित कैंटीन के बाहर हुई थी. आधा दर्जन से ज्यादा फायरिंग के चलते मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया.

New Delhi

## दिल्ली के नरेला में बड़ा हादसा फैक्ट्री से निकल रहीं आग की लपटें मौके पर दमकल की 25 गाड़ियां

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली के नरेला इलाके में एक बड़ा हादसा हो गया है। एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई है। धू-धूकर पूरी फैक्ट्री जल रही है। मौके पर दमकल की 25 गाड़ियां भेजी गई हैं। जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब साढ़े छह बजे पुलिस को आग लगने की सूचना मिली। यह फैक्ट्री नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में मौजूद है। अभी तक किसी के घायल होने या हताहत होने की सूचना नहीं है।

खबर लिखने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। दिल्ली फायर सर्विस की 25 दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गई हैं। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। फैक्ट्री से काले रंग के धुएं की गुबार निकल रही है। आसमान में



आग की लपटें दिख रहीं हैं। फैक्ट्री के ऊपर का पूरा आसमान काला हो गया है। वहीं दमकल की गाड़ियां आग बुझाने में जुटी हैं। आसपास का इलाका खाली करा दिया गया है।

यह हादसा कैसे हुआ इस बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

खेल

# महिला एशिया कप के सेमीफाइनल में पहुंचा भारत शेफाली ने जड़ा पचासा, दीप्ति को मिले तीन विकेट

**दांबुला, (एजेंसी) महिला एशिया कप 2024 में भारत का विजय अभियान जारी है। मंगलवार को खेले गए मुकाबले में टीम इंडिया ने नेपाल को 82 रनों से हराकर सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया। अब उसका सामना ग्रुप बी की शीर्ष टीम से 26 जुलाई को होगा।**

**भारत-पाकिस्तान ने किया क्वालिफाई-** ग्रुप ए से भारत और पाकिस्तान ने सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई किया है। दोनों टीमें इस ग्रुप में क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहीं। भारत ने ग्रुप स्टेज पर लगातार तीन मैचों में जीत दर्ज की जबकि पाकिस्तान को सिर्फ दो मुकाबलों में जीत मिली। भारत के खाते में अब छह अंक हो गए हैं और उनका नेट रनरेट +3.615 है। वहीं, पाकिस्तान के खाते में चार अंक और नेट रनरेट +1.102 है।

**भारत की लगातार तीसरी**





**जीत-** दांबुला के रणगिरि दांबुला अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 20 ओवर में तीन विकेट पर 178 रन बनाए। जवाब में नेपाल 20 ओवर में नौ विकेट पर 96 रन ही बना सकी। भारत ने यह मैच 82 रनों से जीत लिया। मौजूदा टूर्नामेंट में यह भारत की लगातार तीसरी जीत है।

**नेपाल की पारी-** नेपाल के बल्लेबाजों को इस मैच में भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करते देखा गया। इस मैच में नेपाल के लिए सीता राणा मगर ने उच्चतम रन बनाए। उन्होंने कुल 18 रनों की पारी खेली। इसके अलावा समझना ने सात, कविता ने छह, कप्तान इंदू ने 14, रुबीना ने 15, पूजा ने दो, कविता जोशी ने शून्य, डॉली ने पांच और काजल ने तीन रन बनाए। वहीं, बिंदू और सबनम क्रमशः 17 और एक रन बनाकर नाबाद रहीं। भारत के लिए दीप्ति शर्मा ने सर्वाधिक तीन विकेट चटकाए जबकि अरुंधति और राधा को दो-दो विकेट मिले। इसके अलावा रेणुका सिंह को एक सफलता मिली।

**शेफाली-हेमलता के बीच हुई शतकीय साझेदारी-** शेफाली वर्मा और दयालन हेमलता ने टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 122 रनों की साझेदारी हुई। हेमलता 42 गेंदों में 47 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, शेफाली ने 26 गेंदों में मौजूदा टूर्नामेंट का दूसरा अर्धशतक लगाया। वह 48 गेंदों में 81 रन बनाकर आउट हुईं। इस दौरान उन्होंने 12 चौके और एक छक्का लगाया। इस मुकाबले में भारत को तीसरा झटका सजीवन सजना के रूप में लगा। उन्हें कविता जोशी ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह सिर्फ 10 रन बना सकीं। वहीं, जेमिमा और ऋचा क्रमशः 28 और छह रन बनाकर नाबाद रहीं। नेपाल के लिए सीता राणा ने दो और कविता जोशी ने एक विकेट चटकाया।

सिनेमा

## लगातार फ्लॉप हो रही फिल्मों पर अक्षय कुमार का टूटा दिल! इमोशनल होकर बोले- अब कंटेंट पर और ज्यादा ध्यान दूंगा



एक वक्त ऐसा था कि अक्षय कुमार का बॉक्स ऑफिस पर दबदबा रहता था। साल में तीन-चार फिल्में करते और सभी हिट हो जातीं। मगर बीते 4-5 सालों से एक्टर को शायद नजर लग गई। उनकी बढ़िया फिल्म भी फ्लॉप हो रही है। हालिया रिलीज 'सरफिरा' भी कुछ कमाल नहीं कर सकी। ये मूवी सूर्या की तमिल फिल्म 'सोरारई पोटरु' का हिंदी रीमेक है, जिसके लिए एक्टर को नेशनल अवॉर्ड भी मिला था। मगर अक्षय कुमार तो 100 करोड़ के बजट में बनी इस मूवी से 12 दिन में 30 करोड़ नहीं कमा सके। इन सब पर अक्षय ने अब रिएक्ट किया है।

अक्षय कुमार ने 'फोर्ब्स इंडिया' को दिए इंटरव्यू में कहा है, 'हर फिल्म के पीछे बहुत सारा खून, पसीना और जुनून होता है। किसी भी फिल्म को असफल होते देखना, दिल तोड़ने वाला होता है। लेकिन आपको सकारात्मक पहलू देखना सीखना होगा। हर असफलता आपको सफलता के मायने सिखाती है और इसके लिए आपकी भूख को और भी बढ़ाती है। सौभाग्य से, मैंने अपने करियर में पहले ही इससे निपटना सीख लिया था। बेशक, यह आपको दुख पहुंचाता है और अफेक्ट करता है, लेकिन इससे फिल्म की किस्मत नहीं बदलेगी।'

## Highlights

1. **INDIA bloc protests Parliament over 'discriminatory' Union Budget**
2. **Police complaint against IAS officer Smita Sabharwal over her disability quota post**
3. **Uttar Pradesh to benefit from new budget focus on MSME sector**
4. **Visa-free countries for Indian passport holders in 2024**
5. **Watershed moment in India's history: Kharge as he recalls 1991 Budget**

# Gold, silver, and platinum jewellery to get cheaper after duty cut in Union Budget 2024



**NEW DEIHI, (Agency).** Finance Minister Nirmala Sitharaman announced a cut on customs duty on precious metals like gold, silver, and platinum in the Union Budget 2024 presented on July 23. This will bring down the prices of jewellery made with such metals

### ◆ How much has basic custom duty (BCD) on precious metals ben brought down in the Union BUdget 2024?

The import duty on gold and silver is down to 6% now, compared to 15% earlier. Platinum import duty is now down to 6.4% from 15.4% earlier.

How much will gold, silver, and platinum prices be from now on?

24 carat gold is going to get cheaper by ₹2,800 as the prices are currently ₹72,700 per 10 grams, according to an Economic Times report, which adds that silver will get cheaper by ₹1,650 at ₹87,350 per kg and platinum is expected to cost ₹28,940 per 10 grams.

Several manufacturers had already begun passing on the Budget duty cuts to customers, with silver prices coming down, a Times of India report quoted Surat-based silver articles maker Mahesh Rungta, as saying.

### ◆ What will be the impact of the new duty cuts?

"The reduction in import duty on gold not only relieves consumers who have eagerly awaited this announcement but is also expected to boost gold demand in the country and create jobs for artisans," the Economic Times quoted MP Ahammed, Chairman, Malabar Gold & Diamonds as saying. "High import duty often leads to increased smuggling of gold through illegal routes, which hampers the growth of the organized retail gold trade and results in revenue losses for the government."

# Uday Kotak praises Nirmala Sitharaman's Budget: 'Well thought out, smartly...'

**NEW DEIHI, (Agency).** Uday Kotak, former Managing Director and CEO of Kotak Mahindra Bank, lauded the Budget 2024 as he praised the well-rounded approach taken by Finance minister Nirmala Sitharaman towards fiscal discipline, employment generation and support for Micro, Small and Medium Enterprises (MSMEs).

Uday Kotak praised simplification of capital gains tax and said that the strategic increase in the Securities Transaction Tax (STT) is a necessary measure to manage high derivative volumes.



He wrote in a post on X (formerly Twitter), "Well thought out budget. Fiscal discipline maintained. Right focus on employment and MSMEs. Capital gains tax is smartly simplified, leaning in favour of revenue. STT increase is necessary sand in the wheels of high derivative volumes. The paradigm shift of saver to investor continues."

Nirmala Sitharaman raised short-term capital gains tax from 15% to 20% while long-term capital gains tax has been increased from 10% to 12.5%. The securities transaction tax (STT) on futures has been increased from 0.0125% to 0.02% and on options from 0.0625% to 0.1% in the Budget.

Elevate your career with VIT's MBA programme that has been designed by its acclaimed faculty & stands out as a beacon for working professionals.

# हादसे में दो दोस्तों को लगा करंट, एक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कनाडिय़ा में मंगलवार शाम एक हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि उसका दूसरा दोस्त घायल हुआ है। बताया जाता है कि दोनो लोडिंग रिक्शा को धक्का लगा रहे थे। इस दौरान उपर से जा रही केबल में कट लगा था जो रिक्शा से टच हो गई। इसमें धक्का लगाने वाले दोनो युवकों को करंट लग गया।

कनाडिय़ा पुलिस से मिली जानकारी क मुताबिक सुमित(21)पुत्र दिलीप घाटे निवासी भूरी टेकरी की करंट लगने से मौत हो गई। जबिक उसका साथी संजय(17) पुत्र रमेश रोकड़े घायल है। जिसका एमवाय अस्पताल में उपचार चल रहा है।



सुमित के परिवार के लोगो ने बताया कि वह जिस ब्लॉक में रहते है। वही नजदीक के ब्लॉक में शकील कबाड़ी रहता है। उसका स्क्रेप का व्यापार है। मंगलवार देर शाम शकील की लोडिंग रिक्शा स्टार्ट नही हो रही थी। तब नजदीक ही सुमित ओर संजय खड़े होकर बाते कर रहे थे। उन्हें गाड़ी में धक्का लगाने के लिये बुलाया। जिसमें लोडिंग को पार्किंग तक खड़ी करवाने के लिये कहां। दोनो पीछे से धक्का लगाने लगे। इस दौरान उपर से जा रही केबल उसमें टच हो गई। जिसमें दोनो को लोडिंग की बॉडी से चिपक गए। इस दौरान वहां मौजूद लोगो ने लकड़ी के डंडे से केबल को दूर किया। दोनो लोडिंग के पास ही गिर गए। उन्हें तुरंत उपचार के लिये एमवाय लेकर जाया गया। यहां सुमित को डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया।

## पत्नी की डिलेवरी के चलते आया था इंदौर

सुमित गुजरात की फैक्ट्ररी में काम करता है। उसकी शादी को दो साल हो गए। पत्नी की पहली डिलेवरी बिगड़ गई थी। दूसरी डिलेवरी का समय था तो वह पत्नी को लेकर इंदौर डिलेवरी के लिये आया हुआ था। लेकिन खुशी के पहले ही परिवार में गम आ गया। सुमित के तीन भाई और है वही पिता मजदूरी के काम जुडें है। वही संजय भी मजदूरी का काम करता है।

## बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप

सुमित के परिवार के लोगो ने बिजली विभाग के लोगो पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनके मुताबिक पहले भी कई बार केबल की मरम्मत को लेकर शिकायतें कर चुके थे। लेकिन किसी ने ध्यान नही दिया। अब इस तरह की घटना हो गई। सुमित के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक